# LITTLE HEARTS SCHOOL, GANGAVATHI, Dist: KOPPAL

3rd July 2020

## SSLC ANSWER KEY – HINDI THIRD LANGUAGE

Answer Paper Prepared By: Aaliya Madam

I

1. (D) लिफाफे
2. (B) मोरनी
3. (A) खरीदना
4. (C) लगाना
5. (B) अल्पविराम
6. (D) देश - विदेश
7. (C) में
8. (A) गुण

II

9. खुशतर
10. जैनुलाबदीन
11. ईमानदार
12. बलराम



Scanned with CamScanner

III

13. गाजर में भी बहुत विटामिन हैं; इसलिए गाजर को खाने की मेज़ पर स्थान मिलने लगा है।

14. आज मनुज का यान गगन में जा रहा हैं।

15. बसंत और प्रताप भीखू अहीर के घर में रहते थे।

16. जग के रूप को बदलने के लिए कवि भारतमाता से प्रार्थना करते हैं।

IV

17. आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने से पहले उनके सामने केले का पत्ता बिछाती और फिर उस पर चावल एवं सुगंधित, स्वादिष्ट सांबार डालती; साथ में घर का बना आचार और नारियल की ताज़ी चटनी भी देती थीं।

18. आयोजनकर्ताओं ने लेखक को राष्ट्रीय स्तर का ईमानदार माना था इसलिए आयोजकों ने परसाईजी को निमंत्रण दिया।

19. बिछेंद्री का जन्म एक साधारण भारतीय परिवार में हुआ था। पिता किशनपाल सिंह और माँ हंसादेई नेगी की पाँच संतानों में बिछेंद्री तीसरी संतान हैं। बिछेंद्री के बड़े भाई को पहाड़ों पर जाना अच्छा लगता था।



Scanned with CamScanner

## SSLC ANSWER KEY – HINDI THIRD LANGUAGE

*Answer Paper Prepared By. Aaliya Madam*

२0. यशोदा कहती है - हे कृष्ण! सुनो। बलराम जन्म से ही चुगलखोर है। मैं गोधन की कसम खाकर कहती हूँ, मैं ही तेरी माता हूँ और तुम मेरे पुत्र हो।

२1. जैसे भैंसे के पंजर में चार पैरों पर हड्डियाँ पड़ी हैं, उसी तरह चार मोटे गोले ज़मीन में गाड़कर उन पर पतली और लंबी लकड़ियों से छप्पर का पंजर बनाने की जानकारी भैंस के पंजर से दोस्तों को मिली।

२२. 'प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन' इस पंक्ति का आशय है कि मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर विजय प्राप्त कर ली है। प्रकृति पर विजय प्राप्त करना मनुष्य की साधना है।

२3. हमारी पृथ्वी सूर्य से करीब 15 करोड़ किलोमीटर की दूरी पर है। तुलना में शनि ग्रह दस गुना अधिक दूर है।

(अथवा)

शनैःचर का अर्थ है - धीमी गति से चलने वाला।



Scanned with CamScanner

24. सत्य ! बहुत भोला - भाला बहुत ही सीधा - सादा जो कुछ भी अपनी आँखो से देखा, बिना नमक मिर्च लगाए बोल दिया - यही तो सत्य है। कितना सरल ! सत्य दृष्टि का प्रतिबिंब है ज्ञान की प्रतिलिपि है, आत्मा की वाणी है।

(अथवा)

एक नागरिक की हैसियत से हमें अपने देश के राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय त्योहार आदि का आदर करना चाहिए। और प्रकृति को हमारी माता मानना चाहिए। देश के प्रति गौरव का भाव रखना एवं देश की एकता और अखंडता को कायम रखना हमारा कर्तव्य है।

V
25. बसंत ने पं. राजकिशोर को छलनी बेची थी। वह प्रताप का भाई था। बसंत बाज़ार से नोट भुनाने गया था तभी वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसलिए प्रताप राजकिशोर के घर उनके पैसे लौटाने गया था।

26. वीडियो कान्फरेन्स द्वारा एक जगह बैठकर दुनिया के कई देशों के प्रतिनिधियों के साथ 8-10 दूरदर्शन के परदे पर चर्चा कर सकते है। एक ही कमरे में बैठकर विभिन्न देशों में रहनेवाले लोगों के साथ विचार - विनिमय कर सकते हैं।



Scanned with CamScanner

२७. रोबोनिल के घर में आ जाने से सभी ने राहत की साँस ली। सुबह नाश्ता कराने, मेहमानों के स्वागत में द्वार खोलने, घर के छोटे बच्चों को कहानियाँ सुनाने, बच्चों को होमवर्क में मदद करने तथा धीरज सक्सेना के वर्ड प्रोसेसर पर काम करने के अलावा शाम को वह परिवार के पालतू कुत्ते शेरु को घुमाने का काम भी पूरी मुस्तैदी के साथ करता था।

२८. मातृभूमि का प्रकृति सौंदर्य हरे-भरे खलिहानों से पूर्ण है। इसके वन-उपवन, फल-फूलों से लदे हुए हैं। इस धरती में खनिजों की अपार संपदा है, यह धरती सुख संपत्ती और धन-धाम से भरी है।

२९. कलेक्टर साहब ने बालशक्ति की बड़ाई में कहा कि- इस गाँव को साफ-सुथरा देखकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई है। गाँव को एक नया जीवन प्रदान किया गया है। इन बच्चों की जितनी बड़ाई की जाए उतनी ही थोड़ी है। इन सबने मिलकर गाँव को स्वच्छ वातावरण दिया है। बाल-शक्ति के कारण आपका गाँव एक आदर्श गाँव बन गया है। सरकार की तरफ से बाल-शक्ति टोली को पाँच हज़ार रुपये दिए गए हैं।



Scanned with CamScanner

30. समय के सदुपयोग का मतलब है 'सही समय पर सही काम करना'। 'समय' बहुमूल्य एवं उपयोगी होता है। समय का मूल्य जिसने समझ लिया, वही व्यक्ति अपने काम में सफल हो सकता है। इसलिए आलस्य को छोड़कर बिना किसी बहाने के काम को समय पर ही पूर्ण करना चाहिए, कल के ऊपर नहीं छोड़ना चाहिए। किसी को कहीं पता कि कल आएगा या नहीं।

31. कर्नाटक के अनेक साहित्यकारो ने सारे संसार में कर्नाटक की कीर्ति फैलायी है। वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे। अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ जैसे अनेक संतो ने अपने अनमोल वचनों द्वारा प्रेम, दया और धर्म की सीख दी है। पुरंदरदास, कनकदास आदि भक्त कवियों ने भक्ति, नीति, सदाचार के गीत गाये है। पंपा, रन्ना, पोन्ना, कुमारव्यास, हरिहर, राघवांक आदि ने महान काव्यों की रचना कर कन्नड साहित्य को समृद्ध बनाया है।

32. प्रस्तावना: प्रस्तुत दोहे को हिंदी साहित्य के भक्तिकाल की रामभक्ति शाखा के प्रमुख कवि तुलसीदास जी द्वारा लिखित 'तुलसी के दोहे' से लिया गया है।



Scanned with CamScanner

भावार्थ: प्रस्तुत दोहे में मुखिया के स्वभाव के बारे में बताते हुए तुलसीदास जी कहते हैं कि मुखिया को मुख के समान होना चाहिए। क्योंकि मुख खाने-पीने का काम अकेला करता है, लेकिन वह जो खाना-पीना है उससे शरीर के सारे अंगो का पालन-पोषण करता है। उसी तरह मुखिया को भी विवेकवान बनकर काम अपनी तरह से करके उसका फल सभी में बाँटना है।

नीति / संदेश: तुलसीदास जी के अनुसार समाज में मुखिया का स्वभाव अच्छा और परोपकारी होना चाहिए।

33. ಟೈಟಾನ್ ಶನಿಗ್ರಹದ ಅತಿದೊಡ್ಡ ಉಪಗ್ರಹವಾಗಿದೆ ಇದು ನಮ್ಮ ಚಂದ್ರನಿಗಿಂತ ದೊಡ್ಡದಾಗಿದೆ. ಇದರ ವ್ಯಾಸ 5150 ಕಿಲೋಮೀಟರ್ ಇದೆ.

Titan is the largest satellite of Saturn. It is bigger than our moon It's diameter is 5150 kilometer

VI

34. गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती, अतः गिल्लू की जीवन यात्रा का अंत आ ही गया। दिन भर उसने न कुछ खाया, न बाहर गया। पंजे इतने ठंडे हो रहे थे कि गर्मी

जी ने जागकर हीटर जलाया और उसे उष्णता देना का प्रयत्न किया। परन्तु प्रभात की प्रथम किरण के साथ ही वह चिर निद्रा में सो गया।

(अथवा)

लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू उनके पैर तक आकर सर्र से परदे पर चढ़ना - उतरना है। भूख लगने पर चिक - चिक की अवाज़ करता है। खिड़की की खुली जाली की राह बाहर चला जाना और दिन भर गिलहरियों के झुण्ड का नेता बना, हर डाल पर उछलना - कूदना रहता है। लेखिका को चौंकाने के लिए कभी वह फूलदान के फूलों में तो कभी सोनजुही की पत्तियों में छिप जाता है।

35. कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती

असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।
जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,
संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम।

- सोहनलाल द्विवेदी



Scanned with CamScanner

VII

36\. अ: नागा लोग खेती योग्य भूमि स्वयं ही वनों को काटकर खेती योग्य भूमि बना लेते हैं।

आ. नागा लोग खेती में मुख्य रुप से आलू और धान उपजाये जाते हैं। इसके साथ अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के फल एवं साग - सब्जी भी उगाए जाते हैं।

इ. चावल से ये एक प्रकार की शराब बनाते हैं और उसे आनंद से पीते हैं। इसे 'अपौंग' कहते है।

ई. नागाओं की कृषि पद्धति में नवीन विधियों का प्रचार होने लगा है।



Scanned with CamScanner

VII
37.
क

बेरोजगारी

* प्रस्तावना : हमारे देश की एक कठिन समस्या है। बेरोज़गारी एक आर्थिक और सामाजिक समस्या है। जिसके कारण देश की शांति और व्यवस्था को खतरा है।
* बेरोज़गारी के कारण :
बढ़ती हुई जनसंख्या
दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली
आधुनिक मशीनों का उपयोग
उद्योग धंधों का अभाव
* बेरोज़गारी के दुष्परिणाम :
अपराधों में वृद्धि होती है
* बेरोज़गारी के उपयोग :
लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देना
कुटीर और लघु उद्योगों का विकास
शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन
* उपसंहार : हमें निराश नहीं होना चाहिए हमारी शिक्षा व्यवस्था मे सुधार किया जा रहा है। अपने काम धंधे करने के लिए लोन दिया जा रहा है।



Scanned with CamScanner

ख. स्वच्छ भारत

* प्रस्तावना : साफ सफाई एक अच्छी आदत है, जो स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिए हर एक के पास होनी चाहिए।
* स्वच्छता का महत्व :
स्वच्छता हमें मानसिक सामाजिक और बौद्धिक हर तरीके से स्वस्थ बनाती है।
* स्वच्छ परिसर से लाभ :
हमारा परिसर शुद्ध हो सकता है।
हमें कोई भी बिमारी का खतरा नहीं हो सकता।
* स्वच्छता रखने के उपाय :
हमारे आसपास हमे कचरा नहीं फेंकना चाहिए।
हमे हमारे घर और शाला को स्वच्छ रखना चाहिए
* उपसंहार : स्वच्छ भारत से हमारा देश सुंदर और स्वस्थ बन सकता है।

"स्वच्छता का रखे ध्यान स्वच्छता से
देश बनेगा महान"


Scanned with CamScanner

ग.

## जनसँख्या की समस्या

★ प्रस्तावना: बढ़ती जनसंख्या की समस्या सामान्य रूप से विश्व की समस्या है। भारत को बढ़ती हुई जनसंख्या का सामना करना पड़ रहा है।

★ जनसंख्या में वृद्धि के कारण:

अशिक्षित और गरीब वर्ग के लोगों के अज्ञान के कारण जनसंख्या में वृद्धि।

विज्ञान की उन्नति के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की सुविधाओं में उन्नति हुई है।

★ जनसंख्या नियंत्रण का उपाय:

सरकार ने पुरुषों के लिए न्यूनतम विवाह योग्य आयु 21 वर्ष और महिलाओं के लिए 18 वर्ष तय की है।

★ उपसंहार:

भारत में बढ़ती जनसंख्या गंभीर चिंता का विषय है। हालांकि सरकार ने इस पर नियंत्रण रखने के लिए बहुत सारे कदम उठाए है, लेकिन यह नियंत्रण पर्याप्त प्रभावित नहीं है।



Scanned with CamScanner

IX 38.

दि: 3 / 6 / 2020

प्रेषक,
अ. ब. क
दसवीं कक्षा
सरकारी प्रौढशाला शिरूर
ता: यलबुर्गा
जि: कोप्पल।

सेवा में,
प्रधानाध्यापक जी
सरकारी प्रौढशाला शिरूर

महोदय जी,

विषय: चार दिन की छुट्टी के लिए पत्र

उपर्युक्त विषय के संबंधित आपसे निवेदन है कि मेरी तबियत ठीक नहीं है। इस कारण से मैं स्कूल नहीं आ सकता। कृपया आप मुझे चार दिन की छुट्टी प्रदान करें।

धन्यवाद सहित

आपका आज्ञाकारी छात्र
अ. ब. क

*Answer Paper Prepared By: Aaliya Madam*

दि: 3/6/2020

प्यारे भाई को प्रणाम,

मैं यहाँ कुशल हूँ। मुझे तुम्हारा पत्र मिला पढ़कर खुशी हुई। मैं यहाँ अच्छी तरह से पढ़ रहा हूँ। और आशा करता हूँ की तुम्हारी पढ़ाई भी अच्छी तरह चल रही है।

घर में सबको मेरा प्रणाम कहना।

तुम्हारा प्रिय भाई
अ.ब.क

सेवा में,
रमेश
कोप्पल



Scanned with CamScanner